भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4453
मंगलवार, 07 मई, 2013

विद्युत चालित वाहनों की बिक्री में गिरावट

4453. **श्री ए. इलावरासन:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मार्च, 2012 में राजसहायता वापिस लिए जाने के बाद पूर्व वित्तीय वर्ष में विद्युत चालित चार पहिया और दोपहिया वाहनों की बिक्री घटकर आधे से भी कम रह गई है और इन वाहनों के उत्पादकों की क्षतिपूर्ति के लिए मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पिछले दो वित्तीय वर्षों में निर्मित विद्युत चालित वाहनों की बिक्री के लिए पूर्वव्यापी प्रभाव से उत्पादकों की क्षतिपूर्ति हेतु 55-60 करोड़ रू. का कोई प्रस्ताव वित्त मंत्रालय के पास लंबित है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क) और (ख): जी हां । विद्युत चालित दोपहिया और चार पहिया वाहनों की बिक्री 2011-12 में 85000 से घटकर 2012-13 में 42000 रह गई है ।

(ग) और (घ): वर्तमान में, विद्युत चालित वाहनों की बिक्री के लिए पूर्वव्यापी प्रभाव से उत्पादकों की क्षतिपूर्ति हेतु 55-60 करोड़ रू. का कोई प्रस्ताव वित्त मंत्रालय के पास लंबित नहीं है।

*****